

नवभारत 10
सतना, शुक्रवार, 09 जनवरी, 2026

# मुख्यमंत्री आज आएंगे बहरी, सभा को करेंगे संबोधित

## विधायक, कमिश्नर एवं आईजी ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 9 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर सीधी जिले के सिहावल विधानसभा क्षेत्र के तहत बहरी आयेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में 213 करोड़ 22 लाख रुपए के 714 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल करेंगे।**

इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक चुरहट अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी तथा वरिष्ठ समाजसेवी देवकुमार सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस.जामोद तथा पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने बहरी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल, साउंड सिस्टम, विद्युत व्यवस्था, आगंतुकों के लिए बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, प्रवेश-निकास मार्गों की स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंच व्यवस्था के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि मंच पर केवल अधिकृत एवं सूचीबद्ध विशिष्ट व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए तथा सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए। पुलिस महानिरीक्षक श्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के आगमन एवं प्रस्थान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर अब तक की गई तैयारियों, प्रस्तावित व्यवस्थाओं एवं विभागीय समन्वय की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री जिले को देंगे विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम, साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह 9 जनवरी को दोपहर 2 बजे से सीधी जिले के बहरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री इस अवसर पर जिले को कुल 21322 .18 लाख रुपये की लागत से संबंधित 714 विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। इनमें से 6801 .40 लाख रुपये लागत के 179 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 13362 .67 लाख रुपये लागत के 30 विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही एक बगिया मां के नाम योजना अंतर्गत 505 हितग्राहियों को 1158 .11 लाख रूपये की राशि से लाभान्वित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जी... सीधी रेत खदानों का कब शुरू होगा संचालन?

## सीधी रेत खदान संविदाकार सहकार ग्लोबल को लाभ पहुंचाने खनिज कार्पोरेशन की लापरवाही के चलते 1 वर्ष से उच्च न्यायालय में लंबित है मामला


सीधी के रेत के खेल में सहकार ग्लोबल के साथ सरकार का भी है मेल...?
रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल लिमिटेड ने माइनिंग कारपोरेशन से सांठ-गांठ कर मामले को न्यायालय मे उलझाकर निविदा के महीनों बाद भी नही कराया अनुबंध
माइनिंग कारपोरेशन की लापरवाही से एक माह बाद होगा सीधी की रेत खदानों का फैसला
सीधी की रेत खदाने नहीं चलाने की रची गई है साजिश
रेत खदानों में एकछत्र राज कर मनमाने दर पर बेंच रहे रेत
शासन को हो चुका है करोड़ो के राजस्व का नुकसान
इनका कहना है

नवभारत फाओअप


**सीधी 8 जनवरी। मुख्यमंत्री जी... सीधी रेत खदानों का संचालन कब शुरु होगा? सीधी रेत खदान संविदाकार सहकार ग्लोबल को लाभ पहुंचाने खनिज कार्पोरेशन की लापरवाही के चलते एक वर्ष से उच्च न्यायालय में मामला लम्बित है।**

बताते चलें कि सीधी जिले की रेत खदानों की नीलामी के बाद निविदा शर्तों के अनुसार निर्धारित समय में संविदाकार और माइनिंग कारपोरेशन की मिलीभगत से हाईकोर्ट में याचिका से खदानों के संचालन में देरी से शासन को करोड़ों के नुकसान एवं क्षेत्रवासियों को मंहगे दरों में रेत खरीदने की मजबूरी को लेकर जनहित याचिका करीब एक वर्ष पूर्व लगाई है। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी.सिंह निवासी अमहा सीधी द्वारा सीधी जिले में रेत खदान के संविदाकार मेसर्स श्री सहकार ग्लोबल लिमिटेड द्वारा सफल बोली में खदान लेने के बाद भी उनका संचालन करने की बजाय हाईकोर्ट में याचिका लगा देने से जिलेवासियों को मंहगी दरों में रेत खरीदने की मजबूरी पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका क्रमांक 39957/2024 दायर की गई है। उक्त याचिका में प्रतिवादी प्रमुख सचिव खनन एवं खनिज विभाग, प्रबंध निदेशक मप्र खनिज राज्य निगम, मेसर्स श्री सहकार ग्लोबल लिमिटेड एवं कलेक्टर सीधी को बनाया गया है। जबकि मेसर्स श्री सहकार ग्लोबल लिमिटेड द्वारा हाईकोर्ट में याचिका क्रमांक 34655/2024 दायर किया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जिले में खनन के लिये प्रचुर मात्रा में रेत उपलब्ध होने के बावजूद सीधी के नागरिकों को अन्य जिलों से मंहगी दरों पर रेत खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है, कारण रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल द्वारा म.प्र. खनन निगम के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर हाईकोर्ट में याचिका लगाकर पेंच फंसा दिया गया है।

### खदानों के बाद भी सीधीवासी महंगे दामों पर खरीद रहे रेत

सीधी जिले में करीब डेढ़ दर्जन रेत खदानें हैं, जिनमें प्रचुर मात्रा में रेत की उपलब्धता है। शासन के टेण्डर कार्यवाही के बाद भी रेत संविदाकार द्वारा रेत खदानों का संचालन करने की बजाय हाईकोर्ट में मनगढ़ंत आरोप की याचिका लगाकर संचालन करने में रोड़ा अटका दिया गया। लिहाजा सीधीवासियों को अन्य जिलों की रेत काफी महंगे दामों में खरीदनी पड़ रही है।

### सीधी में खदानें शीघ्र शुरू करने सीएम को सांसद लिख चुके हैं पत्र



जिले की रेत खदानों के संविदाकार सहकार ग्लोबल द्वारा खदान संचालन नही करने से महंगी दरों में रेत खरीदने को मजबूर जनता की मांग पर सीधी सांसद डॉ .राजेश मिश्रा दिनांक 3 नवम्बर 2026 को मुख्यमंत्री को शीघ्र खदानें शुरु करवाने पत्र लिख चुके हैं। पत्र में कहा गया है कि अपने संसदीय क्षेत्र में सरदार@150 यूनिटी मार्च व आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा के दौरान सीधी जिले में आम जनता ने रेत काफी महंगी मिलने की शिकायत की थी। कारण पता किया गया तो मालूम पड़ा कि पूर्व में रेत का टेण्डर सहकार ग्लोबल को आवंटित किया गया था परंतु संविदाकार द्वारा अब तक खदानें संचालित नहीं की गई, जिससे रेत काफी मंहगी मिल रही है।

### इनका कहना है

सीधी जिले की रेत खदानों का मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट के निर्णय के बाद ही रेत खदानों का संचालन हो पायेगा।

**कपिलमुनि शुक्ला, खनिज अधिकारी सीधी**

# मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस संगठन ने की पुलिस में शिकायत

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 जनवरी।** मप्र शिक्षक कांग्रेस शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी के द्वारा सीधी जिले में अनाधिकृत लोगों के द्वारा जिसमें मुख्य रूप से मोहन चंद्र गौतम प्राचार्य शा. हाईस्कूल जमुआ नं. 2 एवं विजय सिंह मा.शि. शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र.1 सीधी स्वयं को शिक्षक कांग्रेस का पदाधिकारी बता कर संगठन के बैनर इत्यादि का दुरूपयोग करते हैं, साथ ही चंदा वसूली की जानकारी भी प्राप्त हुई है। अत: ऐसे आवांछित लोगों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक सीधी एवं संबंधितों के थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई गई है ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। प्रदेश के किसी भी जिले में ऐसे कोई भी व्यक्ति जिन्हें शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी के द्वारा नियुक्त नहीं किया गया है। यदि उनके द्वारा संगठन के नाम का पंजीयन क्रमांक, मोनो, लेटर हेड का उपयोग एवं चंदा वसूली करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही हेतु संबंधितों के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जावेगी।

# विवि स्थापना पर छात्र प्रतिनिधि मंडल सौंपेगा ज्ञापन

**सीधी 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आज सीधी जिले के बहरी आगमन पर विश्वविद्यालय स्थापना की बात को लेकर छात्र प्रतिनिधि मंडल मांग पत्र सौंपेगा। ज्ञात हो कि सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर जिले के छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार पिछले 5-6 वर्षों से इस पवित्र कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। छात्रों ने मीडिया के माध्यम से भी सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। छात्र इंद्रलाल ने कहा कि सीधी-सिंगरौली और ब्यौहरी सहित इतने बड़े क्षेत्र में एक भी विश्वविद्यालय न होना अत्यंत चिंतनीय है।

# श्री सांई महाविद्यालय में भारत विकास परिषद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में मना एनीमिया जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 जनवरी। श्री सांई महाविद्यालय सीधी में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से 8 जनवरी को संपन्न हुआ। जहां विशेष तौर पर 100 एनीमिया परीक्षण कराए गए।**




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रिचा सिंह जिलाध्यक्ष भारत विकास परिषद, श्रीमती ज्योति दुबे, डॉ.अजय प्रजापति उपस्थित थे। अध्यक्षता श्री सांई महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान परिषद सदस्यगण डॉ.सौरभी गुप्ता, डॉ.रश्मि प्रजापति, श्रीमती नीति केसरवानी, श्रीमती मंजू शुक्ला एवं सांई महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ.बबिता खरे ने छात्र-छात्राओं को एनीमिया से बचाव एवं निवारण के बारे में जानकारी प्रदान की ताकि एनीमिया से बच्चे स्वयं को सुरक्षित रख सके। इस कार्यक्रम में डॉ.अजय प्रजापति ने बच्चों को एनीमिया तथा एचआईवी बीमारी से रोकथाम एवं सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया ताकि वह आने वाले समय में स्वस्थ और तंदुरुस्त रह सके। श्रीमती ज्योति दुबे ने नियमित पोषण आहार के सेवन से बीमारी से बचाव एवं मनुष्य के स्वास्थ्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं श्रीमती रचना मिश्रा ने एनीमिया के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण बातें छात्र-छात्राओं को प्रदान की एवं नियमित खान-पान तथा विशेष प्रकार की व्यायाम के लिए के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनीमिया परीक्षण करने के लिए विशेष तौर पर श्रीमती मधुलिका सिंह सीएचओ पिपरोहर उपस्थिति थी। जहां पर महाविद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं का एनीमिया परीक्षण किया गया। समापन के दौरान आभार उद्बोधन प्राचार्य इंजी.पीयूष सिंह बघेल द्वारा किया गया।

# हिनौती और शिवपुरवा के फाइनल आज, अजय सिंह होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**चुरहट 8 जनवरी। मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट बरिगवां सीजन 11 का कल सेमीफाइनल मैच बड़ाटीकट बनाम शिवपुरवा के बीच खेला गया। जिसमें शिवपुरवा टीम ने जीत हासिल की।**



मुख्य अतिथि छात्र संघ के अध्यक्ष इंद्रलाल पटेल एवं अन्य अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। 9 जनवरी को फाइनल मैच हिनौती और शिवपुरवा के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल होंगे। पूरे मैच में 32 टीम सम्मिलित रहीं। आयोजक मंडल के सदस्य राम अभिलाष पटेल, अशोक पटेल, इंजी.सुमन सिंह, आशीष, अमन, अरुणेंद्र, सच्चिदानंद उपाध्याय, सरपंच जगभान साकेत एवं अन्य सदस्यों के द्वारा बताया की फाइनल मैच की पूरी तैयारी कर ली गई है।

# डीएडब्लूएन योजना अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम 12 तक होंगे

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 जनवरी। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में 5 से 12 जनवरी तक डीएडब्लूएन योजना अंतर्गत साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।**

इसी के तहत विनय इंस्टीट्यूट सीधी के छात्र एवं छात्राओं को नशामुक्ति अभियान अंतर्गत सभी कों उसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पॉक्सों एक्ट, मध्यस्थता योजना, शिक्षा का अधिकार, नालसा 15100 नि:शुल्क विधिक सहायता, आदि विधिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट में उपस्थित छात्रों को नशामुक्ति अभियान के तहत बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नशामुक्ति हेतु एक टोल-फ्री हेल्पलाइन 14446 स्थापित की गई है ताकि इस हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता चाहने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता परामर्श और तत्काल रेफरल सेवाएं प्रदान की जा सकें। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को विधिक सहायता योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नशा पीड़ितों को मुफ्त कानूनी सहायता उनके अधिकारों और पुर्नवास के लिए उपलब्धि योजनाओं जैसे एनडीपीएस एक्ट के बारे में जागरूक करना है। ताकि वह नशे के चंगुल से बाहर निकल सके और समाज में फिर से जुड़ सके, जिसमें पुर्नवास केन्द्रों से समन्वय और स्वयंसेवी संस्थानों की भागीदारी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता हैं। जो हमारे आज और भविष्य को प्रभावित करता हैं। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वॉलेंटियर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# कमला कॉलेज में भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 विषय पर सेमिनार आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 जनवरी। कमला मेमोरियल कॉलेज पड़रा के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग द्वारा आज भारतीय अनुबंध अधिनियम 1872 विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया।**



इस कार्यक्रम में छात्रों ने प्रस्ताव, स्वीकृति, समझौता एवं अनुबंध पर कानून की बारीकियों को बड़े ही सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रहे प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह चौहान एवं अध्यक्षता कर रहीं वाणिज्य एवं प्रबंध विभागाध्यक्ष डॉ.सुनीता सक्सेना द्वारा श्रीगणेश व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सेमिनार के मुख्य सत्र में कॉलेज के होनहार छात्र-छात्राओं ने प्रस्ताव, स्वीकृति, समझौता एवं अनुबंध जैसे जटिल विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्रा माही भारती, पलक सिंह और मोहित सिंह ने बताया कि एक वैध अनुबंध के लिए प्रस्ताव और उसकी स्वीकृति कितनी अनिवार्य है। कुमकुम सोनी, प्रियांशी सिंह, आस्था सिंह और संजना मिश्रा ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से अनुबंध और समझौते के बीच के अंतर सहित विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यावहारिकता के साथ जोड़ा। कार्यक्रम संयोजक डॉ.मंगलेश्वर गुप्ता द्वारा छात्रों के उत्साह की सराहना की गई और विषय की प्रासंगिकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ.चौहान द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए बताया गया कि शैक्षणिक तैयारी के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट आज के समय की मांग है। ऐसे सेमिनार छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। विषय सभी के लिए प्रासंगिक है, अत: ऐसे विषयों पर निरंतरता सहित कार्यक्रम आयोजन सबके हित में हैं। डॉ.सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों के प्रयास को सराहा और सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन छात्र अनुभव सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को तकनीकी रूप से सफल बनाने में नैन्सी सिंह और रोशन रजक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ से मुख्य रूप से डॉ.प्रीति पाण्डेय, डॉ.मनोज कुमार द्विवेदी, धर्मेन्द्र द्विवेदी, ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी, विनय कुमार त्रिपाठी, प्रदीप कुमार सोनी, सुरेश पनिका, हंसराज सिंह, नरेन्द्र कुमार मिश्रा, अन्नू जायसवाल शामिल रहे।

# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : एनएनएस भदोही 3 विकेट से जीती, रांची टूर्नामेंट से हुई बाहर

## कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन -9 के पांचवे दिन के मैच में समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश एवं कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची के बीच हुआ रोमांचक मैच

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश और कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची के मध्य हुए पांचवे दिन के मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई और एनएनएस भदोही ने मुकाबले में 3 विकेट से अपनी जीत दर्ज कर कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची को हराया। अब रांची टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।**





आज पांचवे दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा रॉक मेंस रांची के फ्रेंचाइजी नीरज शर्मा और समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थिति में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर भदोही उत्तरप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए रॉक मेंस रांची की टीम ने 30 ओवर में 181 रनो का लक्ष्य एनएनएस भदोही के सामने रखा। जिसमें पवन के 10 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए गए शानदार 72 रन शामिल है। जबावी पारी में एनएनएस भदोही शुरुआती ओव्हर से ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए मात्र 24.2 ओव्हर में इस मैच को अपने नाम किया और रॉक मेंस रांची कमला कॉलेज को टूर्नामेंट से बाहर किया। एनएनएस भदोही की तरफ से आमिर द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाएं। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेंद्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार व हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेंद्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### आज सीधी इलेवन और भदोही यूपी के बीच होगा मैच




छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल ए का छठवां मैच कल टाटा कॉलेज सीधी इलेवन और समय प्रेस एनएनएस क्रिकेट अकादमी भदोही यूपी के बीच शुक्रवार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। टाटा कॉलेज सीधी 11 दो मैच जीत चुकी है और अगर कल का मैच जीतती है तो फाइनल में जगह बनाना, इसके लिए आसान हो जाएगा। वही समय प्रेस एनएनएस भदोही उप्र एक मैच हारी है और एक मैच जीती है इसलिए कल के मैच में एनएनएस भदोही भी जीतने का पूरा प्रयास करेगी, जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।

### आमिर बने प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच




सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का पांचवा मैच समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश और कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची के बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा, लिहाजा क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का लुफ्त पूरे समय तक पूरी गर्म जोशी के साथ उठाया। रोमांचक मुकाबले में एनएनएस भदोही को जीत मिली एनएनएस भदोही के खिलाड़ी आमिर जिन्होंने 10 चौके और एक छक्के की मदद से शानदार 63 रन बनाएं को एनएनएस भदोही टीम के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी, राजेश सिंह, सूरज सिंह गरिमामय विशेष उपस्थिति में मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से दिया गया।